झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.
e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

रिम्स, राँची अन्तर्गत तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रतियोगिता परीक्षा–2022 (नियमित एवं बैकलॉग भर्त्ती)

(विज्ञापन संख्या–19/2022 एवं 20/2022)

आवश्यक सूचना–13

दिनांक – 21.11.2023

रिम्स, राँची अन्तर्गत तृतीय श्रेणी के पदों पर नियुक्ति हेतु प्रतियोगिता परीक्षा–2022 (नियमित एवं बैकलॉग भर्त्ती) के आधार पर अतिरिक्त अल्पसूचीबद्ध अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जाँच का कार्यक्रम आयोग कार्यालय कालीनगर, चाय बागान, नामकोम, राँची में दिनांक 30.11.2023 को निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार एक पाली पूर्वाहन् 11:00 बजे से अपराहन् 01:30 बजे में होगी। अभ्यर्थी जाँच शुरू होने से एक घण्टा पहले जाँच स्थल पर निश्चित रूप से पहुँच जाएँ।

2. अभ्यर्थी जाँच हेतु ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टियों से संबंधित प्रमाण पत्रों की मूल प्रति, एक स्व–हस्ताक्षरित छायाप्रति तथा हाल में खींचा गया दो पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो लेकर उपस्थित होंगे। जो अभ्यर्थी प्रमाण पत्रों की जाँच में उपस्थित नहीं होगें अथवा वांछित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करेंगे उन्हें अलग से समय नहीं दिया जाएगा तथा उनकी अभ्यर्थिता समाप्त करने पर आयोग निर्णय ले सकता है। जाँच हेतु वांछित प्रमाण पत्रों (ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टि के अनुसार) की मूल एवं स्व–हस्ताक्षरित छायाप्रति नीचे दिए गए क्रम में जाँच हेतु लेकर आना सुनिश्चित करेंगें:–

1. शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र :–
   क) मैट्रिक/10वीं   ख) इण्टरमिडिएट/10+2
   ग) आवेदित पद के अनुरूप अन्य योग्यता
2. आरक्षण एवं स्थानीयता संबंधी प्रमाण पत्र
   क) जाति/आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र   ख) स्थानीयता प्रमाण पत्र
3. नर्सिंग काउंसिल निबंधन संबंधी प्रमाण पत्र
4. खेलकूद/ द्विव्यांगता / भूतपूर्व सैनिक संबंधी प्रमाण पत्र
5. अनुभव से संबंधित प्रमाण पत्र

<u>प्रमाण पत्रों की जाँच का कार्यक्रम</u>

Date –30.11.2023 **Time:-11:00 AM to 01:30 PM**

Roll No.:- RT00240, RT00422, RT00854, RT00977, RT01318, RT02339, RT02769, RT02880, RT03023, RT03734, RT04192, RT04330, RT04507. **(Total -13)**.

अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि प्रमाण पत्रों की जाँच के लिए आमंत्रित किया जाना उम्मीदवार का अंतिम चयन नहीं है। प्रमाण पत्रों की जाँच कार्यक्रम में अनुपस्थित अभ्यर्थी दिनांक 07.12.2023 को प्रातः 11:00 AM to 01:30 PM तक अपने प्रमाण पत्रों की जाँच करा सकते सकते हैं इसमें अनुपस्थित अभ्यर्थियों को बाद में कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा।

आयोग आवश्यकतानुसार रिक्ति के परिपेक्ष्य में इस सूची में अंकित अनुक्रमांक से भिन्न अभ्यर्थियों को भी प्रमाण पत्रों की जाँच हेतु आमंत्रित कर सकता है।

ह०/–
परीक्षा नियंत्रक।